हादसा

गलैयाटोला रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी की चपेट में आया किशोर, छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ अस्पताल में तोड़ा दम

किशोरी हत्याकांड के नाबालिग गवाह की ट्रेन से कटकर मौत

अनूपपुर, नवभारत 23 मई। बिजुरी थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोर की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। 20 मई को हुई एक नाबालिग किशोरी की संदिग्ध मौत के मामले में वह न केवल चश्मदीद गवाह था, बल्कि उसी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मौत ने अपने पीछे कई सवाल छोड़ दिये हैं।

घटना शनिवार की भोर में बिजुरी के गलैयाटोला रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी की टक्कर से अमन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरपीएफ बौरीडांड ने उसे छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। आरपीएफ प्राथमिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला मान रही है।

आरोपियों ने युवती के साथ की थी बर्बरता

ज्ञात हो कि 20 मई की रात अमन ने पुलिस को बताया था कि वह अपनी महिला मित्र के साथ कोरजा कॉलरी के पास बैठा था, तभी दो बदमाशों ने उन पर हमला किया। आरोपियों ने अमन का सिर फोड़ दिया था और युवती के साथ बर्बरता की थी। अमन ने घायल अवस्था में ही युवती को अस्पताल पहुंचाया था, जहां उसकी मौत हो गई थी।

अमन तड़के 3 बजे सुनसान रेलवे ट्रैक पर क्यों पहुंचा?

बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि अमन शुक्रवार शाम तक जांच के सिलसिले में थाने में ही था। पुलिस अब इस बिंदु पर जांच कर रही है कि अमन तड़के 3 बजे सुनसान रेलवे ट्रैक पर क्यों पहुंचा था। घटना के बाद से ही अमन मानसिक तनाव में बताया जा रहा था। अमन की रिपोर्ट पर पुलिस ने गोलू कुशवाहा और अख्तर अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी ने बताया कि युवती की मौत दम घुटने के कारण हुई थी।

कांग्रेस ने की निष्पक्ष जांच की मांग

अनूपपुर जिला कांग्रेस ने बिजुरी पुलिस के प्रेसनोट पर सवाल खडे करते हुए शुक्रवार को अधीक्षक विक्रांत मुराब को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। सोशल मिडिया में यह मामला लोगो के बीच और भी गहराता जा रहा है। लोगो का कहना है कि मुख्य शिकायत कर्ता की मृत्यु हादसा, आत्महत्या या हत्या

कटघरे में बिजुरी पुलिस की कार्यप्रणाली

पुलिस की प्रारंभिक जांच, बयान, प्रेस नोट और उसका आचरण इस घटना के बाद अधिक संदिग्ध नजर आने लगा है। बिजुरी की एक सत्रह वर्षीया की क्रूरता से हत्या की गयी। इस मामले मे तमाम विसंगतियां बिजुरी पुलिस की पैदा की हुई हैं।

मृतका के परिजनों को दरकिनार कर पुलिस कहानी के अनुसार जिस नाबालिग को शिकायतकर्ता बनाया गया, उसकी लाश आज रेलवे ट्रैक पर मिलती है।

नाबालिग का बयान दर्ज होना था

कांग्रेस ने कहा कि उसका आज महत्वपूर्ण बयान दर्ज होना था। मुझे नहीं पता कि यह संयोगजनित हादसा है, आत्महत्या है या हत्या है। इसमे से कुछ भी संभव है। सवाल है कि इतने महत्वपूर्ण साक्ष्य गवाह, शिकायतकर्ता और प्रत्यक्षदर्शी नाबालिग को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा से बाहर कैसे जाने दिया? जो एकमात्र व्यक्ति घटना का चश्मदीद था, जिसे यह पता था कि वारदात में कितने लोग शामिल थे।

चश्मदीद की मौत से किसे होगा फायदा

इस चश्मदीद की मौत से किसे सीधा फायदा हो रहा है। सवाल ये बिल्कुल नहीं है कि नृशंस घटना को लेकर किसने क्या लिखा या क्या कहा या किसने जांच की मांग को लेकर पत्र मे क्या संदेह जताया। बडा सवाल यह है कि बिजुरी पुलिस स्वयं के आचरण से स्वय को इतना संदिग्ध क्यों और किसके लिये बना रही है? बिजुरी पुलिस के लापरवाह अधिकारी व कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर सम्पूर्ण मामले की निष्पक्ष, सूक्ष्म, विधिवत जांच की जाए।

आमाडांड में स्कॉर्पियो पलटने से दो महिलाओं की मौत, कई घायल

अनूपपुर, नवभारत 23 मई। रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमाडांड गांव में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 10 से 12 लोग घायल हो गए। घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 65 बीबी 0776 में सवार लोग एक निजी कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रात लगभग 11.50 बजे आमाडांड के पास वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा और स्कॉर्पियो सड़क किनारे पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया

पुलिस ने डायल 112 और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान हेमवती पाव निवासी डोला थाना रामनगर की आमाखेरवा अस्पताल मनेंद्रगढ़ में मौत हो गई, वहीं माया पाव निवासी डोला ने बिजुरी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

ग्राम रोजगार सहायकों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण

- जल जीवन मिशन को मजबूती देने फील्ड टेस्ट किट का किया वितरण

अनूपपुर, नवभारत । राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में जिले के चारों विकासखंड जैतहरी, अनूपपुर, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ के ग्राम रोजगार सहायकों को जल दर्पण एप एवं जल जीवन मिशन से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में ऑनलाइन मॉनिटरिंग, जलकर वसूली, फीडबैक एवं शिकायत निवारण प्रणाली के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य जल जीवन मिशन योजनाओं के सुचारू संचालन एवं रियल टाइम मॉनिटरिंग व्यवस्था को मजबूत बनाना बताया गया।

पेयजल पाइपलाइन के रखरखाव का दिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान ग्राम रोजगार सहायकों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन के रखरखाव तथा फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर जल प्रभार प्रबंधन, कर संग्रह, ऑनलाइन बिलिंग एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों के डिजिटल समाधान की प्रक्रिया समझाई गई। जल दर्पण प्रणाली के माध्यम से पानी की टंकियों एवं जल योजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी करने की तकनीकी जानकारी भी प्रतिभागियों को दी गई।

वार्डों में लग रही नगर निगम की जल चौपाल

नवभारत,जबलपुर। शहर के नागरिकों को सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा पहल की जा रही है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वार्डवार जल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को संभाग क्रमांक 16 के अंतर्गत आने वाले संजय गांधी वार्ड में जल चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में स्थानीय पार्षद मधुबाला सिंह,कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव और नगर निगम के अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों से सीधा संवाद किया।

पुलिस का अवैध शराब कारोबार पर बड़ा प्रहार

डूमरकछार में छापेमारी कर 84 हजार से अधिक की सामग्री की जब्त

अनूपपुर, नवभारत 23 मई। जिले में अवैध नशे और शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रामनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने डूमरकछार क्षेत्र में दबिश देकर अवैध महुआ शराब निर्माण में प्रयुक्त भारी मात्रा में सामग्री बरामद की है। कार्रवाई के दौरान 84 हजार 600 मूल्य का मशरूका जब्त किया गया, जबकि बड़ी मात्रा में महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कराया गया। यह संपूर्ण कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। पुलिस के अनुसार 22 मई को थाना रामनगर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड क्रमांक 12 स्थित एक मकान में अवैध रूप से महुआ लाहन और शराब निर्माण सामग्री छिपाकर रखी गई है।

संदिग्ध मकान पर दबिश दी गई

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध मकान पर दबिश दी गई। कमरे का ताला खोलकर तलाशी लेने पर पुलिस को भारी मात्रा में शराब निर्माण सामग्री मिली। मौके से 72 डिब्बों में भरा 432 किलोग्राम महुआ लाहन, जिसकी कीमत लगभग 21 हजार 600 बताई गई, जब्त किया गया। इसके अलावा 54 कार्टून में रखा 810 किलोग्राम गुड़ कीमत 40 हजार 500 तथा 18 जूट बोरियों में रखा 450 किलोग्राम सूखा महुआ कीमत 22 हजार 500 बरामद हुआ। जब्त सामग्री की कुल कीमत 84 हजार 600 आंकी गई है।

एक नजर में

कांग्रेस की सूचना का अधिकार विभाग की कार्यकारिणी घोषित

अनूपपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी (सूचना का अधिकार विभाग) की जिला इकाई अनूपपुर की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टंडन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई। जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी द्वारा जारी कार्यकारिणी का गठन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुड्डू चौहान, फुंदेलाल मार्को तथा कोतमा विधानसभा के पूर्व विधायक सुनील सराफ के मार्गदर्शन में किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में ऐसे सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, जो कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को मजबूती के साथ आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने तथा सूचना के अधिकार के माध्यम से जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने में यह टीम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया।

प्रशिक्षण उपरांत स्व-मूल्यांकन परीक्षा आयोजित

अनूपपुर, नवभारत। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय दल द्वारा दिए गए उन्मुखीकरण प्रशिक्षण उपरांत स्वास्थ्य अमले की कार्य दक्षता का आकलन करने हेतु जिले के चारों विकासखंडों में स्व मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) तथा महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सहभागिता की। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी की उपस्थिति में आयोजित इस परीक्षा का उद्देश्य स्वास्थ्य अमले की कार्यकुशलता को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। शनिवार 23 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़, जैतहरी, कोतमा, विकासखंड अनूपपुर तथा जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के स्वयं सभागार में संयुक्त रूप से स्व मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई।

प्रधानमंत्री मोदी युवाओं को वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र

जबलपुर, नवभारत। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 23 मई को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इसी क्रम में पमरे के जबलपुर रेल मंडल द्वारा भी आयोजन करेगा रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को साकार रूप देने की महत्वपूर्ण पहल है। रोजगार मेला आरंभ किए जाने के बाद से देश भर में अब तक आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

चौरा धाम जोगी तालाब में गूंजा जल संरक्षण का संकल्प

सामूहिक श्रमदान से दिया जल बचाने का संदेश

जमुना कोतमा नवभारत 23 मई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन एवं जिला समन्वयक के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक-1 स्थित ग्राम पंचायत पयारी क्रमांक-1 के चौरा धाम जोगी तालाब घाट में सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रस्फुटन समितियों, सीएमसीएलडीपी छात्रों, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया। अभियान के दौरान तालाब परिसर एवं घाट क्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा जल स्रोतों के संरक्षण के लिए श्रमदान किया गया। उपस्थित लोगों ने तालाब क्षेत्र से गंदगी हटाकर स्वच्छ एवं सुरक्षित जल स्रोत बनाए रखने का संकल्प लिया।

जल संरक्षण जन भागीदारी का अभियान : पांडे

कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संकट की चुनौती और उसके समाधान के लिए सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद अनूपपुर के जिला समन्वयक उमेश पांडे ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से श्रमदान की परंपरा को आगे बढ़ाने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को कम करने का प्रयास : सिंह

नवांकुर संस्था के सचिव नागेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार के अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को कम करने, भूजल स्तर को बनाए रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में राम किशोर सिंह, जन उत्थान समिति उरा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान, शिवानी सिंह, प्रस्फुटन समिति अनूपपुर, पयारी, दैखल, देवरी, बम्हनी, सीएमसीएलडीपी छात्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

आउटसोर्स कर्मचारियों की लंबित वेतन एरियर्स राशि का किया गया भुगतान

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न लंबित मामलों के निराकरण के लिए शुक्रवार को संगठन पदाधिकारियों द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों की लंबित एरियर्स राशि भुगतान, कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ तथा सफाई मित्रों को झाड़ू-पंजा राशि भुगतान की मांग रखी गई। इस दौरान आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। आयुक्त के निर्देश पर आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों की लंबित वेतन एरियर्स राशि का तत्काल भुगतान कराया गया, जिससे कर्मचारियों में खुशी एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ। इसके अतिरिक्त समयमान वेतनमान प्रकरण में भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। वहीं सफाई मित्रों को झाड़ू-पंजा राशि भुगतान के संबंध में भी तत्काल निराकरण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष अमित मेहरा सहित राजेंद्र पटेल, अक्षय कोरी, गुलशन जबलपुरी, नरसामलू कोयरी नायडू, मोहम्मद शमीम, होरीलाल पटेल, रामू भैया एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

फॉरेक्स ट्रेडिंग स्कैम

गिरफ्तारी से पहले का 'झूठा ऑडियो' आया सामने, हजारों निवेशकों की गाढ़ी कमाई डकार गया

पैसा दोगुना करने का लालच देकर ठगने वाला मास्टरमाइंड पहुंचा जेल

जमुना कोतमा नवभारत 23 मई। मध्य प्रदेश सहित पूरे भारतवर्ष में फॉरेक्स मार्केट के जरिए रातों-रात पैसा दोगुना करने का झांसा देकर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करने वाला मास्टरमाइंड उमेश कांति लाल पटेल आखिरकार कानून के शिकंजे में है।

गुजरात के अहमदाबाद का रहने वाला यह महाठग वर्तमान में अनूपपुर जेल की सलाखों के पीछे है। हजारों निवेशकों की गाढ़ी कमाई डकारने वाले इस आरोपी ने जब देखा कि उसका भंडाफोड़ होने वाला है, तो उसने निवेशकों को गुमराह करने और समय काटने के लिए एक ऑडियो जारी किया था। निवेशकों का पैसा पूरी तरह डूबने से पहले का यह ऑडियो अब इस बड़े घोटाले में आरोपी की चालाकी का अहम सबूत बन गया है।

ऑडियो में झूठे वादों की झड़ी लगा दी थी

ठगी का शिकार हुए निवेशकों का गुस्सा शांत करने और पुलिस शिकायतों से बचने के लिए आरोपी उमेश पटेल ने एक ऑडियो संदेश जारी कर झूठे वादों की झड़ी लगा दी थी। सामने आए इस ऑडियो ट्रांसक्रिप्ट में आरोपी बड़ी ही चालाकी से कहता सुना जा सकता है कि काम हमारा बिल्कुल पक्का हो गया है। उनके पास फंड की कोई कमी नहीं है, फंड रेडी है।

तीसरे ग्रुप की मनगढ़ंत कहानी रची

अपनी बातों में उलझाने के लिए उसने एक 'तीसरे ग्रुप' की मनगढ़ंत कहानी रची, जो कथित तौर पर सिक्योरिटी (गारंटी) देने वाला था। उसने निवेशकों को यह कहकर बेवकूफ बनाया कि उसके पास अपनी कोई एसेट्स (संपत्ति) नहीं है, इसलिए एक अन्य ग्रुप कागजी कार्रवाई कर रहा है।

वादे निकले खोखले

उमेश पटेल के 10 नवंबर के वादे के बाद किसी भी निवेशक को एक फूटी कौड़ी वापस नहीं मिली और पूरा सिस्टम क्रैश कर दिया गया। लेकिन निवेशकों का पैसा लेकर फरार होने की उसकी योजना धरी की धरी रह गई।

प्रशासन और पुलिस की सख्ती के बाद इस गुजराती ठग को अनूपपुर जिले के वरिष्ठ पत्रकार संतोष चौरसिया की रिपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया है और अब वह अनूपपुर जेल में बंद है।

समय काटने के लिए मांगा था 10 नवंबर तक का वक्त

आरोपी ने अपने ऑडियो संदेश में कागजी कार्रवाई (पेपर वर्क) और डॉक्यूमेंटेशन का बहाना बनाकर निवेशकों से 10 नवंबर तक धैर्य रखने की मार्मिक अपील की थी। उसने ऑडियो में दावा किया था कि 10 नवंबर तक पॉसिबिलिटी 100ज है, हमारी तरफ से एक छोटी सी शुरुआत हो जाए और उसके बाद एक बड़ा फंड भी ये लगा देंगे। दरअसल, यह निवेशकों को कानूनी कार्रवाई से दूर रखने की एक सोची-समझी चाल थी। वह बार-बार 'प्रोसीजर' और 'लिक्विडिटी' जैसे भारी-भरकम शब्दों का इस्तेमाल करके निवेशकों को यह भरोसा दिलाने की कोशिश कर रहा था कि उनका पैसा सुरक्षित है।